kalyanmayee

AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
WOMEN WELFARE ASSOCIATION

संख्या:भाविप्रा/रांची/कल्याणमयी/2022 दिनांक : 17.10.2022

परिपत्र

विषय : झारखंड राज्य के आदिम जनजाति निवासियों द्वारा हस्त निर्मित वस्तुओं की बिक्री हेतु बिरसा मुंडा हवाईअड्डा, रांची पर एकदिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन के संबंध में ।

यह अवगत कराया जाता है कि झारखंड राज्य के खूंटी जिले के अंतर्गत निवासरत सबरी जनजाति एक आदिम जनजाति है एवं इनकी आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति बहुत ही दयनीय है, कुपोषण एवं अन्य भौतिक तथा सामाजिक कारकों के कारण इनकी औसत आयु 40 वर्ष के आस पास ही है ।

इस जनजाति के द्वारा मिट्टी के दिये, कांडिल एवं अन्य छोटे छोटे दैनिक जीवन में इस्तेमाल होने वाली वस्तुएँ हस्त निर्मित की जाती हैं एवं स्थानीय बाज़ार क्षेत्र में बेची जाती हैं, जहां इनको उचित दाम नहीं मिलता है।

कल्याणमयी संस्था, रांची द्वारा इस वर्ष दीपावली के शुभ अवसर पर कार्यालय, विमानपत्तन निदेशक, ओ.टी.बी. में एक प्रदर्शनी का आयोजन दिनांक 19.10.2022 दिन बुधवार समय प्रातः 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा, जिसमे इन आदिम जनजाति के लोगों द्वारा हस्त निर्मित सामानों का विक्रय किया जाएगा ।

आप सभी से यह अनुरोध है कि इस प्रदर्शनी में स्वयं एवं अपने अधीनस्थ कार्यरत कार्मिकों एवं परिवारजनों को अधिक से अधिक संख्या में आने को प्रेरित करें एवं इनके हस्त निर्मित सामानों का अधिक से अधिक क्रय करें जिससे कि इन आदिम जनजातियों की कुछ आमदनी हो एवं सम्मानजनक ढंग से इनकी आजीविका में कुछ वृद्धि हो सके ।

सधन्यवाद

रिचा अग्रवाल 17/10/22

(रिचा अग्रवाल)

अध्यक्षा, कल्याणमयी संस्था

प्रतिलिपि :

1. भाविप्रा के सभी अनुभागाध्यक्ष गण
2. स्थानीय सचिव / अध्यक्ष : एएईयू, भाविप्रा एससी / एसटी कर्मचारी कल्याण संघ / एटीसी गिल्ड, अभियांत्रिकी गिल्ड, सीएनएस गिल्ड एवं एएओए
3. क्षेत्रीय निदेशक, बी.सी.ए.एस, रांची
4. उप समदेष्टा, के.औ.सु.ब., रांची
5. कार्यकारी अधिकारी: भारतीय मौसम विज्ञान विभाग, रांची
6. स्टेशन प्रबन्धक : सभी एटीएफ स्टेशन, रांची
7. स्टेशन प्रबन्धक : सभी एयरलाइन्स, रांची
8. भाविप्रा के स्थानीय कॉलोनी के सभी निवासरत कार्मिकों के परिवारजन एवं कल्याणमयी सदस्याएं